October 2015 - March 2016 Vol. 9 (2)

अक्तूबर 2015 - मार्च 2016 अंक 9 (2)

From Director's Desk......

The major activities of ICAR-CIWA during this period started with the first meeting of the steering committee on GAP-India, held on 8 October, 2015 at the Division of Agricultural Education, ICAR, New Delhi chaired by Dr. Narendra Singh Rathore, Deputy Director General (Agricultural Education). The World Food Day was celebrated on 16 October, 2015 by this Institute in collaboration with Orissa Krishak Samaj, Bhubaneswar and at adopted tribal village Tarajodi. A Woman in Agriculture Day was celebrated on 4 December, 2015 in which Dr. Prasanna Kumar Patasani, Member of Parliament was the Chief Guest and Dr. S. K. Ambast, Director, ICAR-Indian Institute of Water Management, Bhubaneswar was the Guest of Honour. The programme was attended by 200 farm women. Jai Kisan Jai Vigyan week was observed at this Institute from 23-29 December, 2015 to commemorate the birth anniversary of two former Prime Ministers of India Shri Atal Bihari Vajpayee and Late Shri Choudhary Charan Singh. The first Foundation Day of this Institute was celebrated on 17 February, 2016. On this occasion Prof. P. P. Mathur, Vice-Chancellor KIIT University, Bhubaneswar was the Chief Guest. Review meetings of All India Coordinated Project on Home Science, Collaborative project and Outreach project were held at New Delhi to review the research achievements and action plan for the period of 2016-17 in the chairmanship of Dr. Narendra Singh Rathore, Deputy Director General (Agricultural Education). The National Science Day and International Women's Day were also observed during the period. On the occasion of International Women's Day Dr. (Mrs.) Charmaine Smith was the Chief Guest and Dr. Jimmy Smith, Director General, International Livestock Research Institute, Kenya was the Guest of Honor. The programme was focused on Agri-entrepreneurship for empowerment of women, under the overall theme of 'Gender equality'. National Scientific Seminar in Hindi was organized on 17 March, 2016 in collaboration with four other national institutes CSIR-IMMT, NISER, IOP, and ILS located in Bhubaneswar. The topic of the seminar was 'Role of science and technology institutions in Start-up India Mission.'

I extend a very warm welcome to Miss Chaitrali Shashank Mhatre who joined as Scientist this institute and I expressed all my support to all my colleagues for innovative research, extension and development of farm women.

Jatinder Kishtwaria

निर्देशक की कलम से ......

भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं. की इस अवधि की गतिविधियों का शुभारंभ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के कृषि शिक्षा प्रभाग में दिनांक 8 अक्तूबर, 2015 को जीएपी-इंडिया पर संचालन समिति की प्रथम बैठक के आयोजन से हुआ जिसकी अध्यक्षता डा. नरेन्द्र सिंह राठौर, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) ने की थी। विश्व खाद्य दिवस का आयोजन 16 अक्तूबर, 2015 को एक सुदूर आदिवासी गांव तारा जोड़ी और ओडिशा कृषक समाज भुवनेश्वर में हुआ। कृषिरत महिला दिवस का आयोजन 4 दिसम्बर, 2015 को हुआ जिसमें डा. प्रसन्न कुमार पाटसाणी, सांसद मुख्य अतिथि थे तथा डा.एस.के.अम्बास्ट, निदेशक, भा.कृ.अनु.प. आईआईडब्ल्यूएम, भुवनेश्वर सम्मानीय अतिथि थे। इस कार्यक्रम में 200 कृषिरत महिलाओं ने भाग लिया। जय किसान जय विज्ञान सप्ताह का आयोजन भारत के पूर्व प्रधान मंत्रियों-श्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्व.श्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष में 23 से 29 दिसम्बर, 2015 तक इस संस्थान में किया गया। भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं. का स्थापना दिवस 17 फरवरी, 2016 को मनाया गया। इस अवसर पर के आई आईटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.पी.पी.माथुर मुख्य अतिथि थे। गृह विज्ञान पर अखिल भारतीय समन्वित परियोजना तथा सहयोगी परियोजना व आउटरीच परियोजना की समीक्षा बैठक एनएएससी परिसर, नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें 2016-17की अवधि के लिए अनुसंधान उपलब्धियों तथा कार्य योजना की समीक्षा की गई। डा. नरेन्द्र सिंह राठौर, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवधी के दौरान राष्ट्रीय विज्ञान दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भी आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती चारमैन स्मिथ, मुख्य अतिथि तथा डा. जिम्मी स्मिथ, महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय पशुधन अनुसंधान संस्थान, केनिया सम्मानीय अतिथि थे। इस कार्यक्रम में सकल मुख्य उद्देश्य 'जेंडर समानता' के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण के लिए कृषि उद्यमशीलता पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। भुवनेश्वर में स्थित चार अन्य राष्ट्रीय संस्थानों नामत: सीएसआईआर-आईएमएमटी, एनआईएसईआर, आईओपी और आईएलएस के सहयोग से इस संस्थान में 17 मार्च, 2016 को हिंदी में एक राष्ट्रीय वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का विषय स्टार्ट अप इंडिया मिशन में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थानों की भूमिका'था।

मैं इस संस्थान में सुश्री चैत्राली शशांक म्हात्रे, वैज्ञानिक का हार्दिक स्वागत करती हूँ। मैंने अपने सभी सहयोगियों के प्रति फार्म महिलाओं के नवोन्मेषी अनुसंधान, विस्तार व विकास के लिए समर्थन व्यक्त किया।

जतिन्दर किशतवारिया

RESEARCH HIGHLIGHTS

A total of 20 projects, in which four collaborative projects, one outreach, one flagship project, one externally funded and Gender in Agriculture Partnership (GAP) are running in the institute.

Aqua and poultry feed from fish and shellfish wastes for employment generation of coastal women-

The experiment on the effect of dietary supplementation of fish silage on growth performance of broiler poultry birds was carried out for a period of 6 weeks to study the "Effect of feeding fish silage on the performance of broiler chickens" on growth, feed consumption, feed efficiency, mortality, carcass characteristics and serum biochemical parameters. 180 day old chicks were divided into 3 groups and fed with 0%, 5% and 10% fish silage through their diets (Table 1). There was no significant difference in cumulative body weight gain of chicken between different treatments during 0-6 weeks of age. The cumulative feed conversion ratio also did not differ significantly ($P>0.05$) between groups during 0-6 weeks of age. In the serum biochemical analysis, the level of serum proteins and albumin were similar in all of the treatment groups. The effect of supplementation of fish silage in the diet of broiler chicken was found to be non significant with respect to plasma glucose concentration. Supplementation of broiler diet with 10% acid treated silage resulted in a reduction in feed cost of ₹ 5/kg.

Table 1 : Weekly mean body weight gain (g) of broiler chickens under different treatments

Age in weeks	T_1(Control diet without fish silage)	T_2(Diet with 5% fish silage)	T_3(Diet with 10% fish silage)	Remark
1	$74.91^{a}\pm2.12$	$78.40^{ab}\pm1.22$	$82.24^{b}\pm0.56$	*
2	137.37 ± 5.67	147.46 ± 1.70	140.59 ± 1.29	NS
3	179.11 ± 10.83	202.58 ± 8.62	206.56 ± 12.10	NS
4	$279.94^{a}\pm11.23$	$361.62^{b}\pm5.63$	$301.14^{a}\pm3.50$	**
5	406.18 ± 0.18	374.24 ± 3.65	409.51 ± 13.34	NS
6	588.46 ± 19.01	532.10 ± 6.40	521.36 ± 25.62	NS

Nutritional status profile of farm women in coastal Odisha

Nutritional status assessment of farm women of 40 selected households under collaborative project Empowerment of farm women for improved quality of life indicated that 52.5% women were normal as per their body mass index calculated by anthropometric

अनुसंधान उपलब्धियाँ

इस संस्थान में कुल 20 परियोजनाएं जिनमें चार सहयोगात्मक परियोजनाएं, एक आउटरीच परियोजना, एक फ्लैगशिप परियोजना, एक बाह्य निधि सहायता परियोजना तथा कृषि साझेदारी में जेंडर (जीएपी-इंडिया) चल रही हैं।

तटवर्ती महिलाओं के रोजगार सृजन के लिए मछली तथा कवचमीन अपशिष्टों से जलीय तथा कुक्कुट आहार

मछली साइलेज के आहारीय सम्पूरक का ब्राइलर कुक्कुट पक्षियों पर क्या प्रभाव पड़ता है, इस पर एक प्रयोग 6 सप्ताहों की अवधि के लिए किया गया। इस अध्ययन का विषय था 'ब्राइलर चूजों' के निष्पादन पर मछली साइलेज का आहार देने का प्रभाव। इसके अंतर्गत वृद्धि, आहार के उपभोग, भरण की दक्षता, मृत्यु, शव के गुणों तथा सीरम जैव रासायनिक प्राचलों का अध्ययन किया गया। एक सौ अस्सी दिन आयु के चूजों को तीन समूहों में बांटा गया और उन्हें उनके आहारों के माध्यम से 0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत मछली साइलेज खिलाया गया। 0-6 सप्ताह की आयु के दौरान विभिन्न उपचारों में चूजों के संचयी कायाभार की प्राप्ति में कोई उल्लेखनीय अंतर नही था। ०-६ सप्ताह की आयु के दौरान समूहों के बीच संचयी खाद्य परिवर्तन अनुपात में भी कोई उल्लेखनीय ($P>0.05$) अंतर नहीं था। सीरम जैव रसायनविमानी विश्लेषण में उपचार के सभी समूहों में सीरम प्रोटीन तथा एलब्यूमिन के स्तर समान थे। ब्राइलर चूजों के आहार में मछली साइलेज के सम्पुरण का प्लाज़्म ग्लूकोज सांद्रता के संदर्भ में भी गैर-उल्लेखनीय प्रभाव पाया गया। ब्राइलर के आहार में 10 प्रतिशत अम्ल उपचारित साइलेज के सम्पूरण के परिणामस्वरूप आहार की लागत में 5.00 रु/कि.ग्रा.भार की कमी देखी गई।

टेबल 1 : विभिन्न उपचारों के अंतर्गत ब्राइलर चूजों की साप्ताहिक औसत काया भार प्राप्ति (ग्रा.)

सप्ताहों में आयु	T_1 (मछली साइलेज के बिना तुलनीय आहार)	T_2 (5 प्रतिशत मछली साइलेज से युक्त आहार)	T_3 (10 प्रतिशत मछली साइलेज से युक्त आहार)	टिप्पणी
1	$74.91^{a}\pm2.12$	$78.40^{ab}\pm1.22$	$82.24^{b}\pm0.56$	-
2	137.37 ± 5.67	147.46 ± 1.70	14.59 ± 1.29	एनएस
3	179.11 ± 10.83	202.58 ± 8.62	206.56 ± 12.10	एनएस
4	$279.94^{a}\pm11.23$	$361.62^{b}\pm5.63$	$301.14^{a}\pm3.50$	-
5	406.18 ± 0.18	374.24 ± 3.65	409.51 ± 13.34	एनएस
6	588.46 ± 19.01	532.10 ± 6.40	521.36 ± 25.62	एनएस

तटवर्ती ओडिशा में फार्म महिलाओं का पौषणिक स्तर प्रोफाइल

जीवन की उन्नत गुणवता के लिए फार्म महिलाओं के सशक्तीकरण की सहयोगी परियोजना के अंतर्गत 40 चुने गए परिवारों की फार्म महिलाओं के पौषणिक स्तर के मूल्यांकन से यह संकेत मिला कि 52.5 प्रतिशत महिलाएं मानवकीमिती मापों द्वारा गणना किए गए काया द्रव्यमान सूचकांक के अनुसार सामान्य थीं और 10 प्रतिशत महिलाएं स्थूल थीं।

measurements and 10% were obese. Around 37% women were facing Chronic Energy Deficiency from mild to severe degree. Disease and health situation was also assessed and it was found that tuberculosis and diarrhea affected the families from 15-30%. As large number of population is suffering from CED, intervention has been initiated among 40 farm families to reduce the CED by cultivating green leafy vegetables in their homestead, nutrition education to farm women on various aspects of nutrition and training-cum-demonstration on low cost nutritious recipes and preservation of locally available fruits and vegetables.

लगभग 30 प्रतिशत महिलाओं में मध्यम से गहन श्रेणी का चिरकालिक ऊर्जा कमी की समस्या थी। रोग तथा स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का भी मूल्यांकन किया गया और यह पाया गया कि 15-30 प्रतिशत परिवार क्षय रोग तथा अतिसार से प्रभावित ते। चूंकि अधिकांश जनसंख्या सीईडी से ग्रस्त थी, अत: उनके घर के आस-पास हरी पत्तेदार सब्जियों की खेती द्वारा सीईडी को कम करने के लिए 40 फार्म परिवारों के बीच हस्तक्षेप का कार्य आरंभ किया गया। इसके साथ ही फार्म महिलाओं को पोषण के विभिन्न पहलुओं पर पौषणिक शिक्षा प्रदान की गई और स्थानीय रूप से उपलब्ध फलों व सब्जियों के परिक्षण के साथ-साथ कम लागत के पौषणिक व्यंजनों पर प्रशिक्षण व प्रदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



MAJOR EVENTS

Steering Committee Meeting of Gender in Agriculture Partnership (GAP)- India

The first meeting of the Steering Committee on GAP-India was held on 8 October, 2015 at the Division of Agricultural Education, ICAR, New Delhi. Dr. Narendra Singh Rathore, DDG (Agril. Education) chaired the meeting. Members of the Steering Committee -Dr. P. K. Joshi, Director, South Asia, IFPRI, Dr. Krishna Srinath, former Director, ICAR-CIWA, Dr. P. S. Pandey, ADG (EP&HS), Dr. S. K. Srivastava, Director (Acting), ICAR-CIWA, Smt. Roza Sethumadhavan, DS

मुख्य घटनाएं

कृषि साझेदारी में जेंडर (जीएपी) - इंडिया की संचालन समिति की बैठक

जीएपी - इंडिया की संचालन समिति की प्रथम बैठक कृषि शिक्षा प्रभाग, भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली में 8 अक्तूबर, 2015 को आयोजित हुई। नरेन्द्र सिंह राठौर, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) ने बैठक की अध्यक्षता की। संचालन समिति के सदस्य- पी.के.जोशी, निदेशक, दक्षिण एशिया, आईएफपीआरआई; कृष्णा श्रीनाथ, पूर्व निदेशक, भा.कृ.अनु.प- के.कृ.म.सं.; पी.एस. पाण्डे, सहायक महानिदेशक (ईपी और एचएस); एस. के. श्रीवास्तव, निदेशक (कार्यवाहक), भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं.;

(Agril. Education) and Dr. H. K. Dash, Principal Scientist, ICAR-CIWA attended the meeting. Besides the committee members, Assistant Director Generals and Principal Scientists of the Education Division were also participated in the meeting. The Steering Committee discussed the framework of GAP-India, its activities and implementation plan.

World Food Day

On 16 October, 2015, ICAR- Central Institute for Women in Agriculture, Bhubaneswar participated in the celebration of 'World Food Day' organized by Orissa Krishak Samaj, Bhubaneswar on the 60th[th] anniversary of Bharat Krishak Samaj, New Delhi. The programme was inaugurated by Mr. Ajay Vir Jakhar, Chairman Bharat Krishak Samaj, New Delhi in the presence of Mr. Bishnupada Sethi, IAS, Commissioner-Cum-Secretary, Fisheries and ARD Departments, Government of Odisha; Dr. Khageswar Pradhan, Former Vice-Chancellor OUAT, Bhubaneswar; Dr. S. K. Srivastava, Director (Acting), ICAR-CIWA, Bhubaneswar; Dr. S. K. Rout, Dean Extension, OUAT, Bhubaneswar; Dr. T. Moharana, Former HOD, Horticulture Department, OUAT, Bhubaneswar and Dr. P. C. Mohanty, Chairman, Orissa Krishak Samaj, Bhubaneswar. The importance of the institute and work done by the institute for farm women was highlighted by Dr. S. K. Srivastava. It was further highlighted by him that the issues of the farm women need to be addressed for sustainable farm productivity and ensured food security by smallholders in India for prosperity. Farm women were encouraged to adopt Integrated Farming Systems and inculcate entrepreneurship skills, as trained, innovative, responsible and visionary women farmers are anticipated to lead our agriculture especially when India is on the verge of second Green Revolution. The vote of thanks was delivered by Mr. B. K. Sahoo, Coordinator, Orissa Krishak Samaj, Bhubaneswar. The exhibition stall of ICAR-CIWA was inaugurated by Dr. Khageswar Pradhan in the presence of other dignitaries. Women friendly technologies, drudgery reducing tools,

श्रीमती रोज़ा रेतुमाधवन, उप सचिव (कृषि शिक्षा) और एच.के.दाश, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं. ने भी बैठक में भाग लिया। समिति के सदस्यों के अतिरिक्त शिक्षा प्रभाग के सहायक महानिदेशकों व प्रधान वैज्ञानिकों ने भी आमंत्रित अतिथियों के रूप में बैठक में भाग लिया। संचालन समिति ने जीएपी-इंडिया के ढांचे, इसकी गतिविधियों तथा कार्यान्वयन योजना पर चर्चा की।

विश्व खाद्य दिवस

दिनांक 16 अक्तूबर, 2015 को भा.कृ.अनु.प. केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान, भुवनेश्वर ने ओडिशा कृषक समाज, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित 'विश्व खाद्य दिवस' समारोह में भाग लिया जिसका आयोजन भारत कृषक समाज, नई दिल्ली की साठवीं जयंती पर किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री अजयवीर जाखड़, अध्यक्ष, भारत कृषक समाज, नई दिल्ली; श्री विष्णुपद सेठी, आईएएस, आयुक्त एवं सचिव, मात्स्यिकी तथा एआरडी विभागों, ओडिशा सरकार; डॉ.खगेश्वर प्रधान, पूर्व कुलपति, ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर;, एस.के.श्रीवास्तव, निदेशक (कार्यवाहक), भा.कृ.अनु.प - के.कृ.म.सं., भुवनेश्वर; एस. के. राउत, डीन विस्तार, ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर और पी.सी.मोहंती, अध्यक्ष, ओडिशा कृषक समाज, भुवनेश्वर की उपस्थिति में हुआ। फार्म महिलाओं के लिए संस्थान के महत्व तथा संस्थान द्वारा किए गए कार्य पर एस. के. श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि फार्म महिलाऔ से संबंधित मुद्दों को समृद्धि के लिए भारत में छोटे जोत के किसानों द्वारा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और टिकाऊ फार्म उत्पादकता के लिए सुलझाया जाना चाहिए। फार्म महिलाओं को एकीकृत कृषि प्रणालियां अपनाने और स्वयं में उद्यमशील निपुणताएं विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया क्योंकि प्रशिक्षित, नवोन्मेषी, अनुक्रियाशील तथा व्यापक दृष्टि वाली महिला कृषकों को कृषि के क्षेत्र में नेतृत्व निभाने वाला माना जा सकता है, विशेष रूप से उस भारत में जो द्वितीय हरित क्रांति की ओर अग्रसर है। धन्यवाद ज्ञापन श्री बी.के. साहू, समन्वयक, उड़ीसा कृषक समाज, भुवनेश्वर द्वारा किया गया। भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं. के प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन अन्य महानुभावों की उपस्थिति में खगेश्वर प्रधान ने किया। इस प्रदर्शनी स्टॉल में महिलाओं के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों, परिश्रम को कम करने वाले औजारों, जेंडर के प्रति

gender sensitive extension models and literature developed by the Institute were displayed to over 700 farmers and farm women in the exhibition through different models and posters. The queries raised by the farmers and farm women were efficiently answered by the ICAR-CIWA team consisting of Dr. Laxmipriya Sahoo, Dr. Shivaji Argade, Mrs. Tapaswini Sahoo and Er. Pragati Kishore Rout.

'World Food Day, 2015' was also celebrated at adopted tribal village viz., Tarajodi in Shamakhunta block of Mayurbhanj district on 16 October, 2015. The theme of the celebration was 'Social Protection and Agriculture', which aims to underline the role social protection plays in reducing chronic food insecurity and poverty by ensuring access to food. In this context, the farm families were sensitized that their role is crucial in ensuring food security. On this occasion, an interface was also held with tribal farm families, and advisories were given for vegetable production during Rabi season. Improved seeds of cabbage, beans, green leafy vegetables and coriander were distributed to the participants. About 60 tribal farm families participated in the programme.

Women in Agriculture Day

ICAR-CIWA has organized Women in Agriculture Day on 4 December, 2015. On this occasion Dr. Prasanna Kumar Patasani, Member of Parliament was the Chief Guest and Dr. S. K. Ambast, Director, ICAR-IIWM, Bhubaneswar was the Guest of Honour. The programme was attended by more than 200 farm women. Dr. S. K. Srivastava, Director (Acting), ICAR-CIWA briefed the importance and significance of the celebrating Women in Agriculture Day and gave elaborative deliberation of importance of women in agriculture. During his address, Dr. Prasanna Kumar Patasani, the Chief Guest stated that organic farming cannot sustain without involvement of women as they are preservers of various farm based ITKs. ICAR-CIWA publication was also released by the dignitaries during



संवेदी विस्तार मॉडलों व संस्थान द्वारा विकसित साहित्य का प्रदर्शन किया गया तथा विभिन्न मॉडलों और पोस्टरों के माध्यम से इस प्रदर्शनी में 700 से अधिक किसानों तथा फार्म महिलाओं ने भाग लिया। किसानों तथा फार्म महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं. के दल द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस दल में लक्ष्मीप्रिया साहू, शिवाजी अरगडे, श्रीमती तपस्विनी साहू और इं.प्रगति किशोर राउत शामिल थे।

विश्व खाद्य दिवस, 2015 मयुरभंज जिले के शामखुंटा ब्लॉक में स्थित सुदूर आदिवासी गांव ताराजोड़ी में भी 16 अक्तूबर, 2015 को आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य विषय 'सामाजिक सुरक्षा और कृषि' था जिसका उद्देश्य आहार तक पहुंच सुनिश्चित करके चिरकालिक खाद्य असुरक्षा एवं निर्धनता को कम करने में सामाजिक सुरक्षा द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को रेखांकित करना था। इस संदर्भ में फार्म महिलाओं को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आदिवासी फार्म परिवारों के साथ परिचर्चा भी हुई तथा रबी मौसम के दौरान उन्हें सब्जी उगाने का परामर्श दिया गया। प्रतिभागियों के बीच बंदगोभी, बीन्स, हरी पत्तेदार सब्जियों तथा धनिया के उन्नत बीज भी बांटे गए। इस कार्यक्रम में लगभग 60 आदिवासी फार्म परिवारों ने भाग लिया।

कृषिरत महिला दिवस

भा.कृ.अनु.प - केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान (भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं.) द्वारा 4 दिसम्बर, 2015 को कृषिरत महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसन्न कुमार पाटसाणी, सांसद, भुवनेश्वर मुख्य अतिथि थे तथा एस.के.अम्बास्ट, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.- आइआइडब्ल्यूएम, भुवनेश्वर सम्मानीय अतिथि ते। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक फार्म महिलाओं ने भाग लिया। एस.के.श्रीवास्तव, निदेशक (कार्यवाहक) भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं. ने कृषिरत महिला दिवस के आयोजन के महत्व के बारे में संक्षेप में बताया तथा कृषि में महिलाओं के महत्व की विस्तार से व्याख्या की। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रसन्न कुमार पाटसाणी ने कहा कि महिलाओं के शामिल हुए बिना जैविक खेती को टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता क्योंकि वे फार्म पर आधारित विभिन्न देसी ज्ञान की परिरक्षक हैं। इस समारोह के दौरान महानुभावों द्वारा एक भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं. प्रकाशन भी विमोचित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फार्म महिलाओं

the function. During the programme technologies and innovations of OUAT & other ICAR institutes were also displayed for the benefit of the farm women. A farmer-scientist interface was organized to discuss the problems in agriculture and solutions were given by the expert scientists of ICAR-CIWA and OUAT Bhubaneswar. Progressive farm women were also felicitated during the programme.

Jai Kisan Jai Vigyan Week

ICAR- CIWA, Bhubaneswar celebrated 'Jai Kisan Jai Vigyan' Week from 23-29 December, 2015 to commemorate the birth anniversary of two former Prime Ministers of India, Shri Atal Bihari Vajpayee and Late Shri Chaudhary Charan Singh. As a part of celebration, three outreach programmes were organized in three villages namely Kadua, Chamarpada and Bandhahata of Puri and Cuttack district of Odisha. Scientist-farmer interface, debate competition for farmwomen and quiz competition for children were organised. In the outreach programmes, the importance of having closer linkage between farmers and scientists for effective transfer of technologies were highlighted. Ten consolation prizes for farm women and 17 consolation prizes along with first three winner prizes for children were given at the venue of each outreach programme. The concluding function of 'Jai Kisan Jai Vigyan Week' organized at ICAR-CIWA, Bhubaneswar on 29 December, 2015. A scientist-farmer's interface was organized at the institute followed by concluding function. Dr. P. C. Mohanty, Vice-president, Bharat Krishak Samaj, New Delhi and President, Orissa Krishak Samaj, Bhubaneswar was the Chief Guest. The programme was attended by more than 80 farm women and other stakeholders of different villages from the Puri and Cuttack districts of Odisha. Dr. S. K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA welcomed all and briefed the importance of celebrating 'Jai Kisan Jai Vigyan Week' and gave elaborative deliberation on role of ICAR-CIWA in gender mainstreaming and women empowerment. The

के लाभ के लिए ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों की प्रौद्योगिकियों तथा नवीन खोजों का प्रदर्शन भी किया गया। कृषि में आने वाली समस्याओं पर चर्चा करने के लिए एक कृषक -वैज्ञानिक परिचर्चा भी ओयोजित हुई तथा भा.कृ.अनु.प - के.कृ.म.सं. और ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा समस्यायों के हल प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान प्रगतशील फार्म महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

जय किसान जय विज्ञान सप्ताह

भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं., भुवनेश्वर ने भारत के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नामत: श्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वर्गीय श्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष में 23 से 29 दिसम्बर, 2015 तक 'जय किसान जय विज्ञान' सप्ताह का आयोजन किया। समारोह के एक अंग के रूप में ओडिशा के पुरी और कटक जिले के तीन गांवों नामत: कदुआ, चामरपाड़ा और बंधाहाटा में तीन आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनके अंतर्गत वैज्ञानिक-कृषक परिचर्चा, फार्म महिलाओं के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा बच्चों के लिए प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। आउटरीच कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकियों के प्रभावी हस्तांतरण के लिए किसानों और वेज्ञानिकों के बीच घनिष्ठ सम्पर्कों के महत्व को उजागर किया गया। फार्म महिलाओं को 10 सांत्वना पुरस्कार तता बच्चों के लिए प्रथम तीन विजेता पुरस्कारों के साथ 17 सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक आउटरीच कार्यक्रम के स्थल पर प्रदान किए गए। 'जय किसान जय विज्ञान' सप्ताह का समापन समारोह 29 दिसम्बर, 2015 को भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं., भुवनेश्वर में आयोजित किया गया। संस्थान में एक वैज्ञानिक-कृषक परिचर्चा आयोजित हुई जिसके बाद समापन समारोह सम्पन्न हुआ। पी.सी.मोहंती, उपाध्यक्ष, भारत कृषक समाज, नई दिल्ली और अध्यक्ष, उड़ीसा कृषक समाज, भुवनेश्वर मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में ओडिशा के पुरी तथा कटक जिलों के विभिन्न गांवों से 80 से अधिक फार्म महिलाओं व अन्य स्टेक होल्डरों ने भाग लिया। एस.के.श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.- के.कृ.म.सं. ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा 'जय किसान जय विज्ञान' सप्ताह मनाने के महत्व के बारे में संक्षेप में बताया व जेंडर मुख्य धारा तथा महिला सशक्तीकरण में भा.कृ.अनु.प - के.कृ.म.सं. की भूमिका पर

Chief Guest Dr. P. C. Mohanty stressed upon the role of farmers to make India self reliant in food production. He also emphasized that the innovations in science and technology should reach to the farmers for increasing productivity and income. The first three winners of farmwomen's debate competition from each outreach programme were awarded by the Chief Guest on the occasion.

First Foundation Day of ICAR-CIWA

ICAR-CIWA celebrated its first foundation day on 17 February, 2016. On this occasion, Prof. P. P. Mathur, Vice-Chancellor, KIIT University, Bhubaneswar was the Chief Guest. Smt. Sujata R. Karthikeyan, Commission-cum-Director, Odisha Watershed Development Mission, Bhubaneswar and Dr. S. K. Ambast, Director, ICAR- Indian Institute of Water Management, Bhubaneswar were Guests of Honour. The programme was attended by more than 100 farm women from adopted villages of ICAR-CIWA and more than 50 delegates from different ICAR institutes, State departments and media personnel. Dr. Jatinder Kishtwaria, Director, ICAR-CIWA highlighted the potential of the institute as it is one of its kind working on Women in agriculture globally. Dr. S. K. Ambast mentioned the importance of drudgery reduction and efficient use of natural resource management for improving the condition of the farm women. Smt. Sujata R. Karthikeyan enlightened the audience underlining the significance of reaching out the farm women since they constitute half of the population. She highlighted on tailor made programs for empowerment of women SHG.

Review meeting of AICRP on Home Science, Collaborative projects and Outreach project

A Review Meeting on AICRP on Home Science and EFC approved ICAR-CIWA Collaborative, Outreach & Flagship projects and GAP was held at NAS Complex,

विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि पी.सी.मोहंती ने खाद्य उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में किसानों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में होने वाली नई खोजों को किसानों तक पहुंचना चाहिए, ताकि उनकी उत्पादकता और आय में वृद्धि हो। प्रत्येक आउटरीच कार्यक्रम की वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाली फार्म महिलाओं को इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं. का प्रथम स्थापना दिवस

भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान (भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं.), भुवनेश्वर में 17 फरवरी, 2016 को स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रो.पी.पी.माथुर, कुलपति, के आईआईटी विश्वविद्यालय, केआईएसएस, भुवनेश्वर मुख्य अतिथि थे। श्रीमती सुजाता आर. कार्तिकेयन, आयुक्त एवं निदेशक, ओडिशा जलसंभर विकास मिशन, भुवनेश्वर और एस.के.अम्बास्ट, निदेशक, भा.कृ.अनु.प. -भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर सम्मानीय अतिथि थे। इस कार्यक्रम में भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं. के गोद लिए गांवों से आई 100से अधिक फार्म महिलाओं ने भाग लिया तथा भा.कृ.अनु.प. के विभिन्न संस्थानों, राज्य के विभागों और मीडिया से आए 50से अधिक प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। जतिन्दर किश्तवारिया, निदेशक, भा.कृ.अनु.प. -के.कृ.म.सं. ने संस्थान की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विश्व में कृषि में महिलाओं पर कार्य करने वाले कुछ प्रमुख संस्थानों में से एक है। एस.के.अम्बास्ट ने श्रम को कम करने तथा फार्म महिलाओं की दशा को सुधारने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन व दक्ष उपयोग के महत्व का वर्णन किया। श्रीमती सुजाता आर. कार्तिकेयन ने फार्म महिलाओं तक पहुंचने के महत्व के बारे में श्रोताओं को बताया क्योंकि ये महिलाएं जनसंख्या का आधा भाग हैं। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सशक्तीकरण के लिए पहले से तैयार किए गए अनुकूल कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला।

गृह विज्ञान पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी), सहयोगी परियोजनाओं, आउटरीच परियोजना की समीक्षा बैठक

गृह विज्ञान पर एआईसीआरपी तथा ईएफसी द्वारा अनुमोदित भा.कृ.अनु.प. - के.कृ.म.सं. सहयोगात्मक, आउटरीच तथा फ्लैगशिप परियोजनाओं व जीएपी-इंडिया की समीक्षा बैठक 19 व 20

New Delhi on 19-20 February, 2016 to review the research achievements and for preparing action plan for the period 2016-17. Dr. Narendra Singh Rathore, Deputy Director General (Agricultural Education), ICAR, New Delhi Chaired the sessions. He gave his critical comments for strengthening all the research projects and motivated all scientists to enhance the visibility of their efforts at national level. Dr. P. S. Pandey, Assistant Director General (EP&HS), ICAR, New Delhi in his inaugural speech stressed that scientist should focus on theme, action plan, output & outcome of the research work. Dr. M. B. Chetti, Assistant Director General (HRM), ICAR, New Delhi advised to give emphasis to Home Science discipline to enhance the number of students seeking admission to Home Science in SAUs. Dr. G. Venkateshwarlu, Assistant Director General (EQR), ICAR, New Delhi also advised to highlight the achievements of ICAR-CIWA particularly in AICRP Home Science at national level. The Director of ICAR-CIWA, Dr. Jatinder Kishtwaria in her introductory remarks emphasized to work with proper vision & strategy to bring visibility of research work at national level.

फरवरी,2016 को एनएएससी परिसर, नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें 2016-17 की अवधि के लिए कार्य योजना तैयार करने के साथ-साथ अनुसंधान उपलब्धियों की समीक्षा भी की गई। नरेन्द्र सिंह राठौर, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने सत्रों की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी अनुसंधान परियोजनाओं को सबल बनाने के लिए ओलोचनात्मक टिप्पणियां कीं तथा वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रयासों की दृष्टि को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। पी.एस.पाण्डे, सहायक महानिदेशक (ईपी और एचएस), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर बल दिया कि वैज्ञानिकों को अपने मुख्य विषय, कार्य योजना तथा अनुसंधान कार्य के परिणाम पर विशेष ध्यान देना चाहिए। एम.बी.चेट्टी, सहायक महानिदेशक (एचआरएम), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने गृह विज्ञान विषय पर बल देने का परामर्श दिया ताकि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में गृह विज्ञान विषय में प्रवेश पाने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाई जा सके। जी. वेंकटेश्वरलु, सहायक महानिदेशक (ईक्यूआर), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने भी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से गृह विज्ञान पर एआईसीआरपी में भा.कृ.अनु.प.- के.कृ.म.सं. की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। भा.कृ.अनु.प.-के.कृ.म.सं. के निदेशक जतिन्दर किश्तवारिया ने अपनी परिचयात्मक टिप्पणी में उचित दृष्टि और कार्यनीति के साथ कार्य करने पर बल दिया ताकि अनुसंधान कार्य में राष्ट्रीय स्तर पर पारदर्शिता लाई जा सके।

National Science Day

ICAR-CIWA celebrated "National Science Day" on 29 February, 2016. The theme for celebrating the day was "Make in India: S & T Innovations". On this occasion Dr. Jatinder Kishtwaria, Director, ICAR-CIWA was the Chief Guest. Two eminent scientists Dr. P. S. Brahmanand, Senior Scientist, ICAR-IIWM, Bhubaneswar and Prof. (Dr.) Birendra K. Das, Director and Chief of Nuclear Medicine, Utkal Institute of Medical Sciences, Bhubaneswar were invited to deliver talks as well as displayed the technologies and innovations of ICAR-CIWA for the benefit of the participants. Dr. Jatinder Kishtwaria, Director & Chief Guest, briefed the history

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

